## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 04.11.25** **समय : 07.10 pm**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विद्यार्थियों से शिक्षा का उपयोग वंचितों की सेवा और राष्ट्र निर्माण में करने को कहा।
- प्रदेश में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण की हुई शुरूआत।
- चौथे राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण–पत्र अभियान का शुभारंभ कल।
- गुरू नानक जयंती के मौके पर कल प्रदेश में भी कार्यक्रमों का होगा आयोजन।

**अब समाचार विस्तार सेः–**

**राष्ट्रपति दौरा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि शिक्षा केवल आत्मनिर्भरता का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के विकास की प्रेरणा भी है। आज उत्तराखंड के नैनीताल में कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा का उपयोग वंचितों की सेवा और राष्ट्र निर्माण में करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

**एसआईआर दूसरा चरण शुरू**

प्रदेश में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण की आज शुरूआत हुई। इस अभियान के तहत नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के 51 करोड़ मतदाताओं का पुनरीक्षण किया जाएगा। मतदाता सूचियों का व्यापक पुनरीक्षण 7 फरवरी, 2026 को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ समाप्त होगा। गणना का चरण 4 दिसंबर तक चलेगा। 9 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। अगले साल आठ जनवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। 9 दिसंबर से 31 जनवरी, 2026 तक सुनवाई और सत्यापन होगा। आगरमालवा, ग्वालियर, झाबुआ,देवास, राजगढ़, नीमच,शिवपुरी सहित अन्य जिलों में भी मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है।

निर्वाचन आयोग

**भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 16 नगर पालिक निगम आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि इनमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, मुरैना, रीवा, सतना, सिंगरौली, सागर, उज्जैन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, रतलाम, कटनी और छिंदवाड़ा नगर पालिक निगम आयुक्त शामिल है।**

**प्रधानमंत्री–मेरा बूथ**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को भारी जीत मिलेगी। उन्होंने आज मेरा बूथ सबसे मज़बूत कार्यक्रम के अन्तर्गत बिहार की महिलाओं से संवाद करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने मन बना लिया है कि इस बार एनडीए की जीत पिछले 20 सालों का रिकॉर्ड तोड़ देगी। उन्होंने कहा कि केवल एनडीए ही बिहार का विकास कर सकता है।

## जीएसटी उत्सव

**नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी उत्सव के अंतर्गत लागू की गई संशोधित जी.एस.टी. दरों से देशभर के कई क्षेत्रों में लोगों को लाभ हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि ये सुधार आवास क्षेत्र में मददगार साबित हो रहे हैं।**

### राष्ट्रपति–गुरु नानक जयंती

कल गुरु नानक जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि यह अवसर सभी को गुरु नानक देव के आदर्शों और मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है और एक बेहतर समाज के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक जी का संदेश सिखाता है कि सत्य, न्याय और करुणा पर आधारित जीवन जीना ही सफलता का सच्चा मापदंड है। वे सभी को ईमानदारी से जीने और संसाधनों को दूसरों के साथ साझा करने के लिए भी प्रेरित करते हैं। राष्ट्रपति ने सभी से गुरु नानक देव के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और एक अधिक शांतिपूर्ण तथा समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आग्रह किया।

### डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह कल नई दिल्ली में चौथे राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान का शुभारंभ करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि महीने भर चलने वाला यह अभियान देश भर के दो हजार पांच सौ शिविरों में चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य चेहरा पहचान तकनीक का उपयोग करके पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस अभियान का उद्देश्य सभी पेंशनभोगी, विशेषकर बुजुर्ग पेंशनभोगियों को अपनी सुविधा के अनुसार निर्बाध डिजिटल माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करना है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, महीने भर चलने वाले इस अभियान में तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे।

### एमपी ई–सेवा पोर्टल

मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'एमपी ई–सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप' का शुभारंभ कर डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में नई क्रांति का आगाज किया। यह एकीकृत नागरिक सेवा मंच अब 56 विभागों की 1700 से अधिक सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर उपलब्ध करायेगा। 'एमपी ई–सेवा' के माध्यम से वर्ष 2026 तक 100% ई–सेवा डिलीवरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### मौसम

प्रदेश में अगले दो दिनों तक कहीं–कहीं बारिश होने की संभावना है। इनमें भोपाल, गुना, सहित 17 जिले शामिल है। मौसम विभाग के अनुसार दिन में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार बना रहेगा, लेकिन रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी। वहीं, 6 नवंबर से ठंडी उत्तरी हवाएं चलने लगेंगी, जिससे रातें ठंडी हो जाएंगी। 15 नवंबर के बाद तेज ठंड का दौर शुरू हो जाएगा।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में –

- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आज जिला कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया।
- सीहोर जिले के अहमदपुर स्थित मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक ने आज रेड रोज हायर सेकेंडरी स्कूल में वित्तीय साक्षरता और जागरूकता शिविर लगाया।
- भावांतर योजना में सोयाबीन उपार्जन के लिए देवास जिले की मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

- मंदसौर में जिला स्तरीय युवा खेल उत्सव 7 नवम्बर को कुशभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। युवा उत्सव प्रतियोगिता सांस्कृतिक और नवाचार थीम पर 15 से 29 आयु के युवा प्रतिभागियों के लिए आयोजित होगी।
- कमिश्नर सागर संभाग ने सभी शालाओं में शिक्षकों की समय पर सतत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

________________